कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुजफ्फरनगर।

पत्रांकः /जि0का0अ0/बा0वि0परि0/विज्ञप्ति/2023–24, दिनांकः 10 मार्च, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19/2023/3975/58–1–2022–2/1(22)10टी.सी. दिनांक 21 मार्च, 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद मुजफ्फरनगर के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनवाडी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेब साईट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदों का वार्डवार/परियोजनावार विवरण निम्नवत् हैः–

क्र0सं0	परियोजना का नाम	ग्रामीण/शहरी	आंगनवाडी कार्यकत्री के रिक्त पदों की संख्या
1	बघरा	ग्रामीण	20
2	बुढाना	ग्रामीण	29
3	चरथावल	ग्रामीण	15
4	जानसठ	ग्रामीण	67
5	खतौली	ग्रामीण	20
6	मोरना	ग्रामीण	32
7	पुरकाजी	ग्रामीण	55
8	मुजफ्फरनगर शहर	शहरी	11
9	मुजफ्फरनगर सदर	ग्रामीण	28
10	शाहपुर	ग्रामीण	10
योग			287

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाईट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश :–

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगीं।
2. रिक्त पदों (आंगनवाडी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्रामसभा का स्थाई निवासी एवं ग्रामसभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य है।
4. आवेदिका की आयु कट ऑफ तिथि 01.01.2024 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाईट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेगें। **दिनांक 12 मार्च, 2024 से पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किये जा सकते है।**
6. विज्ञप्ति पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की **अन्तिम तिथि 01 अप्रैल, 2024 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।**
7. उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाईट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी

हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय (बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग) से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

भवदीय

/

(संतोष कुमार शर्मा)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
मुजफ्फरनगर।

(प्रकाशन हेतु नहीं)

कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुजफ्फरनगर।

पत्रांकः बी-1716 / जि0का0अ0 / बा0वि0परि0 / विज्ञप्ति / 2023–24, दिनांक मार्च, 2024

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक महोदया, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, मुजफ्फरनगर।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मुजफ्फरनगर।
4. समस्त उपजिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर।
5. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर।
6. समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत, मुजफ्फरनगर।
7. जिला सूचना अधिकारी, मुजफ्फरनगर।
8. प्रधान सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, रायल बुलेटिन को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उपरोक्त विज्ञप्ति को न्यूनतम शासकीय दरों पर अपने दैनिक समाचार पत्र के दिनांक 12.03.2024 के अंक में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
9. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी / प्रभारी, जनपद मुजफ्फरनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि रिक्तियों का विवरण बाल विकास परियोजना कार्यालय तथा संबंधित तहसील व विकास खण्ड कार्यालय एवं नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत कार्यालयों पर चस्पा कराते हुए एक–एक फोटोग्राफ अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

10-3-24

जिला कार्यक्रम अधिकारी
मुजफ्फरनगर।